R4U

Rojgar4u

Information document

# कार्यालयः– जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी पिथौरागढ़

पत्रांकः 337 /विज्ञप्ति–01/योग अनुदेशक नियुक्ति पत्रा0/2025–26/ दिनांकः 06 मई, 2025

**विज्ञप्ति,**

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत जनपद के आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र में दैनिक योगाभ्यास कराये जाने हेतु 04 योग अनुदेशक (01 महिला एवं 03 पुरूष)से निम्न सेवा शर्तों एवं प्राविधानों के अंतर्गत चयन समिति के माध्यम से चयनोपरान्त कार्य लिया जाना प्रस्तावित है।

**वॉक इन इन्टरव्यू की तिथि दिनांक 19.05.2025, सोमवार समय प्रातः 10.00 बजे से स्थान विकास भवन सभागार, कलैक्ट्रेट पिथौरागढ़।**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य लिये जाने का प्रकार | दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर |
| 2 | आयु सीमा | न्यूनतम 21 वर्ष |
| 3 | शैक्षिक योग्यता | न्यूनतम इण्टरमीडिएट |
| 4 | व्यवसायिक योग्यता | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0ए0 योग/बी0एस0सी0 योग/बी0पी0एड0(जिसमें न्यूनतम 06 माह योग को एक विषय के रूप में अध्ययन किया गया हो)/एम0ए0 योग/योग में एक वर्षीय डिप्लोमा<br>अथवा<br>इण्टरमीडिएट के पश्चात् योग सर्टिफिकेशन बोर्ड(वाई0सी0बी0) से योग वैलनेस इन्स्ट्रक्टर सर्टिफिकेट कोर्स |
| 5 | कार्य अवधि (पुरूष) | प्रत्येक माह 01 घण्टे के 32 योग सत्र संचालित कराना |
| 6 | कार्य अवधि (महिला) | प्रत्येक माह 01 घण्टे के 20 योग सत्र संचालित कराना |
| 7 | पारिश्रमिक | पुरूषों हेतु रू0–250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र)/अधिकतम रू0–8000/प्रतिमाह<br>महिलाओं हेतु–250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र)/अधिकतम रू0–5000/प्रतिमाह |

- चयन वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
- चयनित योग अनुदेशकों का चयन निम्न आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग अनुदेशकों की रिक्तियों के सापेक्ष की जाएगी
  आयुष्मान आरोग्य मंदिर गिरवॉव, पिथौरागढ़ – योग अनुदेशक (महिला)
  आयुष्मान आरोग्य मंदिर डुगराकोट, पिथौरागढ़ – योग अनुदेशक (पुरूष)
  आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्वीतढ़, पिथौरागढ़ – योग अनुदेशक (पुरूष)
  आयुष्मान आरोग्य मंदिर मवानी दवानी, पिथौरागढ़ – योग अनुदेशक (पुरूष)
- चयनित योग अनुदेशकों की नियुक्ति पूर्ण अस्थाई होगी।
- योग अनुदेशकों के कार्यों के दैनिक मूल्यांकन के आधार पर दैनिक पारिश्रमिक का निर्धारण रू0 250/प्रति योग सत्र(प्रतिदिवस एक घण्टे का योगसत्र) के आधार पर किया जाएगा, जिसका भुगतान मासिक रूप से किया जायेगा, जोकि अधिकतम रूपये 8000/–(पुरूष अनुदेशक हेतु) अधिकतम रूपये 5000/–(महिला अनुदेशक हेतु) रहेगा।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की योग्यता का मूल्यांकन अभ्यर्थी के निवास स्थान, शैक्षिक योग्यता, व्यवसायिक योग्यता, अनुभव, शारीरिक दक्षता, योग कुशलता व आई0टी0 के सामान्य ज्ञान के आंकलन के आधार पर किया जाएगा।
- चयनित योग अनुदेशक से केवल एक एच0डब्लू0सी0 में ही कार्य लिया जाएगा।
- कार्य करने हेतु सर्वप्रथम स्थानीय अभ्यर्थी(जिस ग्राम में आयुष एच0डब्लू0सी0 स्थापित हो) को प्राथमिकता दी जायेगी।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी जनपद की nic की वेबसाइट, निकटतम आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र (गिरगॉव, डुंगराकोट, क्वीतढ़, मवानी–दवानी) एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय पिथौरागढ़ से प्राप्त कर सकते हैं।
- योग अनुदेश के रूप में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी मूल अभिलेखों सहित(समस्त शैक्षित योग्यता, प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र) सक्षम प्राधिकारी (राजस्व उपनिरीक्षक) द्वारा निर्गत निवास से निकटतम आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र की दूरी का प्रमाण–पत्र) दिनांक19.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से विकास भवन सभागार पिथौरागढ़ में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
- वॉक इन इन्टरव्यू में अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप पर आवेदन/विवरण उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
पिथौरागढ़।

Please verify all job details directly with the employer. We are not responsible for any discrepancies